प्रेस विज्ञप्ति

जेल प्रहरी स्व0 श्री सुखदास स्वामी को मरणोपरांत शौर्य के लिए सुधारात्मक सेवा पदक

इस श्रेणी का पूरे भारत में एक मात्र पदक

तीन अन्य कार्मिकों को भी सराहनीय सेवा के लिए सुधारात्मक सेवा पदक

जयपुर। भारत के महामहिम राष्ट्रपति ने राजस्थान कारागार के प्रहरी रहे सुखदास स्वामी को मरणोपरांत **'शौर्य के लिए सुधारात्मक सेवा पदक'** प्रदान करने की घोषणा की है। संपूर्ण भारत में इस श्रेणी में एक मात्र यह पदक सुखदास स्वामी, प्रहरी को मरणोपरान्त दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि स्व0 सुखदास स्वामी, प्रहरी ने उप कारागृह, नोहर पर पदस्थापन के दौरान जेल में मौजूद हार्डकोर अपराधियों की अनुचित मांगों को मानने से इंकार कर दिया था, जिसके कारण हार्डकोर बंदियों के द्वारा रंजिशवश पर दिनांक 29/04/2019 को प्राणघातक हमला किया गया, जिससे स्व0 सुखदास स्वामी की दिनांक 22/05/2019 को मृत्यु हो गई। स्व0 सुखदास स्वामी, प्रहरी नं0 3675 के अदम्य साहस, कर्त्तव्यपरायणता एवं निष्ठा के लिए महानिदेशक जेल राजीव दासोत की अनुशंसा पर स्वामी को शौर्य के लिए सुधारात्मक सेवा पदक(मरणोपरांत) दिये जाने की घोषणा भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को की गई है।

उक्त के अतिरिक्त तीन अन्य कार्मिकों को भी **'सराहनीय सेवा हेतु सुधारात्मक सेवा पदक'** प्रदान करने की घोषणा हुई है। दासोत के अनुसार गोविन्द सिंह, अधीक्षक, जिला कारागृह, झालावाड़, अजीत सिंह, डिप्टी जेलर, उच्च सुरक्षा कारागृह, अजमेर तथा छोटू सिंह, प्रहरी, मुख्यालय कारागार, जयपुर को उनकी निरन्तर सराहनीय सेवाओं के लिए सुधारात्मक सेवा पदक की घोषणा की गई है।

****